# फुटफॉल आंकड़ों को लेकर अमीषा ने किया बड़ा दावा



**अमीषा** पटेल ने सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट शेयर कर दावा किया कि 'गदर: एक प्रेम कथा' ने 5.05 करोड़ से अधिक थिएट्रिकल फुटफॉल दर्ज किए थे.

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' को लेकर एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए दावा किया कि दर्शक संख्या यानी फुटफॉल के मामले में उनकी फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में शामिल है. अमीषा ने इन आंकड़ों को शेयर करते हुए खुद को लकी महसूस करने की बात कही.

हाल के दिनों में धुरंधर की बॉक्स ऑफिस सफलता चर्चा का विषय बनी हुई है. फिल्म ने थिएट्रिकल रन के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और कई रिकॉर्ड अपने नाम किए. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के दौरान लगभग 3.22 करोड़ से 3.56 करोड़ दर्शकों को सिनेमाघरों तक पहुंचाया. इसके साथ ही इसे हाल के वर्षों की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी फिल्मों में शामिल बताया जा रहा है. इन्हीं आंकड़ों में यह भी दावा किया गया कि फिल्म के सीक्वल ने सभी भाषाओं में 4.3 करोड़ से अधिक फुटफॉल दर्ज किए हैं. अमीषा पटेल ने इन आंकड़ों की तुलना अपनी फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' से करते हुए कहा कि उनकी फिल्म ने भारत में 5.05 करोड़ से अधिक थिएट्रिकल फुटफॉल हासिल किए थे. साल 2001 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था और लंबे समय तक दर्शकों के दिलों पर राज किया. इतना ही नहीं, फिल्म के सीक्वल गदर 2 ने भी शानदार प्रदर्शन किया था. रिपोर्ट्स के अनुसार, 'गदर 2' ने लगभग 3.40 करोड़ से 3.50 करोड़ दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचा था, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जाती है.

फिल्म विशेषज्ञों का मानना है कि 'गदर' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का एक मजबूत इमोशनल ब्रांड बन चुकी है. देशभक्ति, पारिवारिक भावनाओं और दमदार कहानी के कारण यह फ्रेंचाइजी आज भी दर्शकों के बीच खास स्थान रखती है. वहीं दूसरी ओर, 'धुरंधर' जैसी नई पीढ़ी की फिल्में आधुनिक प्रस्तुति, बड़े पैमाने के एक्शन और स्टार पावर के दम पर दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं.

# देखिए सनसनीखेज थ्रिलर आलिया बसु गायब है



**एक** महिला अचानक गायब हो जाती है. तीन लोगों की अलग-अलग कहानियाँ हैं. लेकिन हर कहानी में एक झूठ छिपा है. देखिए 19 जून को केवल लॉयन्सगेट प्ले पर सनसनीखेज थ्रिलर, आलिया बसु गायब है. इसकी निर्देशक प्रीति सिंह हैं. यह जबरदस्त क्राईम थ्रिलर गायब होने की एक पेचीदा कहानी पर आधारित है. इसमें धोखा है, छिपी हुई सच्चाईयाँ हैं. आलिया बसु के अचानक गायब हो जाने से रहस्यों, लालच और धोखाधड़ी का एक ऐसा खतरनाक खेल शुरू हो जाता है, जिसने तीन अलग-अलग लोगों की जिंदगियों को उलझा दिया है.

यह रहस्य खुद आलिया बसु के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका किरदार रायमा सेन ने निभाया है. उनके गायब हो जाने के साथ यह रहस्यमयी कहानी शुरू होती है. सलीम दीवान दीपक कुमार की भूमिका में हैं, जो एक ऐसे शानदार अवसर का पीछा कर रहे हैं, जिससे उनकी जिंदगी बदल जाएगी. लेकिन जल्द ही हालात उनके नियंत्रण से बाहर चले जाते हैं. विनय पाठक विक्रम सिंह का किरदार निभा रहे हैं, जो तब तक यही मानता रहता है कि वह हर जवाब जानता है, जब तक छिपा हुआ सच बाहर आना शुरू नहीं होता है.

# 'मैं वापस आऊंगा' की टीम को अंजना का भावुक संदेश

**निर्देशक** इम्तियाज़ अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा के सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद अभिनेत्री अंजना सुखानी ने फिल्म के सेट से कुछ अनदेखी तस्वीरें साझा करते हुए पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है.अंजना ने अपने सोशल मीडिया पर साझा किए गए संदेश में कहा कि यह फिल्म प्यार, तड़प और कविता की एक खूबसूरत गाथा है, जिसे इम्तियाज़ अली ने रचा और जीवंत किया. उन्होंने लिखा कि इम्तियाज़ के निर्देशन में काम करना उनके जीवन के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा और उन्हें इस यात्रा का हिस्सा बनाने के लिए उन्होंने निर्देशक का धन्यवाद किया.

अंजना ने कास्टिंग निर्देशक मुकेश छाबड़ा का भी विशेष आभार जताया और कहा कि उन्हीं की वजह से उन्हें इस फिल्म से जुड़ने का अवसर मिला. उन्होंने फिल्म के निर्माताओं और सह-कलाकारों को भी धन्यवाद दिया.

अंजना ने युवा कलाकार वेदांग रैना और शरवरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों कलाकारों के अभिनय में गहराई, गर्मजोशी और सच्चाई है तथा उनका भविष्य उज्ज्वल है.

दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी कला से वह अभिभूत हैं और उन्हें अभिनय करते देखना किसी भी कलाकार के लिए सीखने का अवसर है.



# 'लगान' की 25वीं सालगिरह पर देसी लुक में छाईं करीना




**हाल** ही में 'लगान' के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशेष स्क्रीनिंग में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपने शानदार देसी लुक से महफिल लूट ली. इस इवेंट में करीना गुलाबी रंग के सिल्क सूट में बेहद खूबसूरत नजर आईं, जिसे उन्होंने बड़े ही ग्रेस के साथ कैरी किया था. आमिर खान और सलमान खान के साथ उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं, जहां फैंस उनके स्टाइल की जमकर तारीफ कर रहे हैं.करीना का यह खूबसूरत सिल्क सूट 'एकाया बनारस' से है, जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है. इस सूट को अमृता शेर-गिल से प्रेरित होकर डिजाइन किया गया था, जिसमें हाथ से बुनी बनारसी नक्काशी का काम है. अपने इस ट्रेडिशनल लुक को और भी अधिक निखारने के लिए अभिनेत्री ने 'एक्वाजुरा' ब्रांड की सैटिन हील्स पहनीं, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख रुपये है. उनके जड़ाऊ झुमके और सादगी भरा लुक उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था.

करीना ने अपने इस लुक को पूरा करने के लिए एक क्लासिक बन हेयरस्टाइल बनाया और मेकअप को काफी सटल रखा. न्यूड शेड लिपस्टिक, काजल लगी आंखें और छोटी सी बिंदी ने उनके पूरे लुक को एक परफेक्ट फिनिश दी.

करीना कपूर हमेशा अपने स्टाइल स्टेटमेंट के जरिए नयापन लाती हैं, और इस बार भी उन्होंने साबित कर दिया कि वे अपने फैशन सेंस से किस तरह से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं.

# अबरार काज़ी ने संजय के किरदार को बताया सीखने वाला अनुभव



नए फिक्शन शो 'तू ही रे दिल में' के साथ एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है. 15 जून से शुरू होने वाले इस शो में अबरार काज़ी (संजय), प्रियांशी यादव (वृंदा) और सिमरन रावल (स्वाति) मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. तू ही रे दिल में' सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह किस्मत, रिश्तों और जिंदगी बदल देने वाले फैसलों की जज़्बाती कहानी है. यह कहानी वृंदा की है, जो किस्मत और विश्वास पर पूरा भरोसा करती है, लेकिन हालात ऐसा मोड़ लेते हैं कि उसकी जिंदगी और उसकी सोच, दोनों बदलने लगती हैं. जैसे-जैसे वृंदा, संजय और स्वाति की जिंदगी एक-दूसरे से जुड़ती है, कहानी प्यार, त्याग, दिल टूटने और मुश्किल फैसलों के बीच आगे बढ़ती है. जज़्बातों से भरी यह कहानी रिश्तों और इंसानी भावनाओं को बेहद खूबसूरती से सामने लाती है.

## एक जज़्बाती कहानी 'तू ही रे दिल में'

नए फिक्शन शो 'तू ही रे दिल में' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है. शो के प्रोमोज़ को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसकी अनोखी कहानी को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ रही है. 'तू ही रे दिल में' प्यार, किस्मत और रिश्तों की उलझनों को दिखाने वाली एक जज़्बाती कहानी है. इसकी कहानी के केंद्र में है वृंदा, जिसे सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. भगवान और किस्मत पर उसका अटूट विश्वास उसे जिंदगी की हर चुनौती का सामना करने की ताकत देता है. लेकिन जब किस्मत अचानक नया मोड़ लेती है, तो तीन लोगों की जिंदगी एक-दूसरे से जुड़ जाती है. इसके बाद शुरू होता है जज़्बातों, मुश्किल फैसलों, उम्मीद और टूटे दिलों से भरा एक सफर. अपने भरोसेमंद किरदारों और कई परतों वाली कहानी के साथ यह शो दर्शकों को एक दिल छू लेने वाला अनुभव देने का वादा करता है.




## पहला सर्वाइवल एडवेंचर शो आदिमानव

भारतीय दर्शकों ने अब तक रोमांचकारी शो, रियलिटी प्रतियोगिताएं और सहनशक्ति परखने के लिए बने कार्यक्रम तो बहुत देखे हैं, लेकिन डिस्कवरी का आगामी शो 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' भारतीय टेलीविजन पर पहले कभी न देखा गया सर्वाइवल अनुभव ला रहा है। वैश्विकस्तर पर सफल 'नेकेड एंड अफ्रेड' फ्रेंचाइजी के पहले भारतीय रूपांतरण के रूप में यह सीरीज रोमांच, सहनशक्ति और वास्तविक सर्वाइवल को एक साथ लाएगी, जिसमें प्रतिभागियों की सीमाओं को उनके अंतिम बिंदु तक परखा जाएगा. 15 जून को रात 11 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी प्लस पर प्रदर्शित होने वाला यह शो 6 भारतीय प्रतिभागियों को फिलिपींस के पलावन के खतरनाक जंगलों में ले जाएगा, जहां उन्हें अनजान जंगलों, अनिश्चित मौसम और विषम परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के साथ बिना किसी आधुनिक सुविधाओं के रहना होगा. इसके बाद सूझबूझ, परिस्थितियों से तालमेल बिठाने की क्षमता और दृढ़ संकल्प की असली परीक्षा होगी.

## ठुकरा के मेरा प्यार' सीज़न 2 के ट्रेलर में पावर

**इंतज़ार** की घड़ियाँ अब और भी रोमांचक हो चुकी हैं. 'ठुकरा के मेरा प्यार' सीज़न 2 का ट्रेलर आ चुका है, जो दर्शकों को सीधे एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहाँ मोहब्बत मासूम नहीं रह जाती, बल्कि ताकत की कीमत व्यक्तिगत रूप से चुकानी पड़ती है. धवल ठाकुर एक ऐसे इंसान कुलदीप कुमार का किरदार निभाते हुए वापसी कर रहे हैं जो अपराधबोध और जुनून के बीच जूझ रहा है. एक ऐसा इंसान जिसने कभी कोई एक ऐसी गलती की थी, जिससे सब कुछ तहस-नहस हो गया और अब एक बार फिर वह खुद को राजनीति, सत्ता और अधूरी भावनाओं के खतरनाक जाल में खिंचता हुआ पाता है.

# महेश भट्ट ने टू लिव इज वॉर' की आधिकारिक घोषणा की



**अभिनेता** वीर पहाड़िया ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'नाम - टू लिव इज़ वॉर' की आधिकारिक घोषणा कर दी है. इस फिल्म को दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट प्रस्तुत कर रहे हैं. आने वाली यह फिल्म एक डार्क एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है, जिसमें वीर एक दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं.

रिपोर्ट्स के अनुसार , फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ मजबूत इमोशनल ड्रामा का भी मेल देखने को मिलेगा, जिससे यह वीर की बढ़ती फिल्मोग्राफी की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है.

चर्चा है कि अभिनेता वरुण शर्मा पहली बार अपने करियर में नेगेटिव रोल निभाते नजर आएंगे. अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग और हल्के-फुल्के किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले वरुण का यह नया अवतार दर्शकों और इंडस्ट्री के बीच पहले से ही जिज्ञासा पैदा कर रहा है. फिलहाल फिल्म में वीर और वरुण के बीच टकराव को इसकी बड़ी खासियतों में से एक माना जा रहा है.

गौरतलब है कि 'नाम - टू लिव इज़ वॉर' वीर पहाड़िया की तीसरी फिल्म होगी. उन्होंने 'स्काई फोर्स' से अपना डेब्यू किया था, जबकि उनकी दूसरी अनटाइटल्ड फिल्म इसके रिलीज़ से पहले सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है.





# हुंडई ला रही नई सीएनजी एसयूवी

**भारतीय** ऑटोमोबाइल उद्योग में पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां उपभोक्ता तेजी से वैकल्पिक ईंधन विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं. विशेष रूप से सीएनजी वाहनों की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, क्योंकि यह ईंधन कम लागत में बेहतर माइलेज और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करता है. इसी बदलते ट्रेंड को देखते हुए अब कई बड़ी कंपनियां अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को अपडेट कर रही हैं.

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड भारत में पहले से ही एक मजबूत एसयूवी पोर्टफोलियो के लिए जानी जाती है, जिसमें क्रेटा जैसे मॉडल ने कंपनी को बाजार में मजबूत स्थिति दिलाई है. अब कंपनी इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए सीएनजी पावरट्रेन वाली एसयूवी लाने की योजना पर काम कर सकती है. अब तक सीएनजी तकनीक मुख्य रूप से छोटी और मिड-सेगमेंट कारों तक ही सीमित रही है, लेकिन बाजार में एसयूवी सेगमेंट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए कंपनियां इस तकनीक को बड़े वाहनों में भी लाने पर विचार कर रही हैं. यदि हुंडई इस दिशा में कदम उठाती है, तो यह भारतीय बाजार में एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है. सीएनजी एसयूवी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि ग्राहकों को एक बड़ा और आरामदायक वाहन मिलेगा, जिसमें ईंधन की बचत भी बनी रहेगी. यह उन उपभोक्ताओं के लिए खास होगा जो रोजमर्रा के उपयोग के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा भी करते हैं, लेकिन ईंधन लागत को लेकर चिंतित रहते हैं. हालांकि अभी तक कंपनी की ओर से इस बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन ऑटो सेक्टर में यह चर्चा तेज है कि हुंडई आने वाले समय में सीएनजी तकनीक को एसयूवी सेगमेंट में भी पेश कर सकती है. अगर ऐसा होता है तो यह न केवल कंपनी के लिए बल्कि पूरे भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा. सीएनजी वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता और ग्राहकों की बदलती जरूरतों को देखते हुए यह साफ है कि आने वाले वर्षों में सीएनजी एसयूवी एक नया और बड़ा सेगमेंट बन सकता है.

# टाटा सिएरा सीएनजी का इंतजार खत्म

**भारत** में सीएनजी वाहनों का बाजार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है और वित्त वर्ष 2026 में इस सेगमेंट ने मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है. बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरणीय जागरूकता के चलते उपभोक्ता अब वैकल्पिक ईंधन विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं. इसी बदलाव के बीच ऑटोमोबाइल उद्योग में यह बहस तेज हो गई है कि क्या आने वाले समय में बड़ी एसयूवी और प्रीमियम कारों में भी सीएनजी तकनीक को अपनाया जाएगा.

टाटा मोटर्स लिमिटेड इस समय भारत के सीएनजी बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी है, लेकिन उसकी सीएनजी पेशकश अभी भी मुख्य रूप से छोटी और मिड-साइज कारों तक ही सीमित है. कंपनी की सीएनजी रेंज में टियागो, टिगोर, पंच, अल्ट्रोज और नेक्सन जैसे मॉडल शामिल हैं, जो शहरी उपयोग और कम खर्च वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं. हालांकि, बाजार की मांग अब बदल रही है.

ग्राहक केवल छोटी कारों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वे एसयूवी सेगमेंट में भी सीएनजी विकल्प की उम्मीद कर रहे हैं. इसी संदर्भ में टाटा सिएरा और कर्व जैसे मॉडलों का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है. यदि इन मॉडलों में सीएनजी विकल्प दिया जाता है, तो यह भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में एक नया ट्रेंड स्थापित कर सकता है.

इसके साथ ही एक और बड़ा सवाल यह भी है कि क्या भविष्य में सीएनजी तकनीक के साथ स्वचालित गियरबॉक्स का संयोजन भी देखने को मिलेगा. अभी तक यह संयोजन बहुत सीमित रहा है, लेकिन टाटा ने पहले भी कई बार ऐसे प्रयोग किए हैं जो प्रतिस्पर्धी कंपनियों से अलग रहे हैं.

यदि टाटा अपनी सीएनजी तकनीक को एसयूवी सेगमेंट में विस्तार देती है, तो यह न केवल कंपनी के लिए बल्कि पूरे उद्योग के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है. इससे ग्राहकों को बड़े वाहनों में भी किफायती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प मिलेगा, जो भारतीय बाजार की दिशा बदल सकता है.



# होंडा ने चीन में लॉन्च किया हुराइड 125 स्कूटर

**हौंडा** मोटर कंपनी ने हुराइड 125 के साथ स्कूटर सेगमेंट में एक नया प्रयोग किया है, जिसमें परंपरागत कम्यूटर स्कूटर से हटकर एडवेंचर-स्टाइल डिजाइन को प्राथमिकता दी गई है. यह स्कूटर खास तौर पर चीन के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, जहां युवा वर्ग में स्टाइलिश और अलग पहचान वाले वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है. हुराइड 125 में दिया गया 125 सीसी का द्रव-शीतित ईएसपी प्लस इंजन इसे न केवल स्मूद प्रदर्शन देता है, बल्कि ईंधन दक्षता के मामले में भी यह काफी मजबूत माना जा रहा है.



लगभग 47.17 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज इसे अपने वर्ग में एक किफायती विकल्प बनाता है. यह वही इंजन मंच है जिसे होंडा पहले पीसीएक्स 125 जैसे प्रीमियम स्कूटर में इस्तेमाल कर चुकी है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और बढ़ जाती है. डिजाइन की बात करें तो इस स्कूटर का सबसे बड़ा आकर्षण इसका एडवेंचर बाइक जैसा लुक है, जो अफ्रीका ट्विन से प्रेरित बताया जा रहा है. इसमें मजबूत और भारी बॉडी पैनल, ऊंचा स्टांस और दमदार सामने का प्रोफाइल दिया गया है, जो इसे सामान्य स्कूटरों से अलग पहचान देता है.

# नॉर्टन एटलस जीटी से पर्दा उठा

## 585 सीसी इंजन वाली प्रीमियम एडवेंचर बाइक

**टीवीएस** मोटर कंपनी की ब्रिटिश सहायक कंपनी नॉर्टन मोटरसाइकिल्स ने एडवेंचर-टूरिंग सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए नॉर्टन एटलस जीटी को पेश किया है. यह बाइक मिडिलवेट श्रेणी में आती है और इसे खास तौर पर उन राइडर्स के लिए तैयार किया गया है जो लंबी दूरी की यात्रा के साथ-साथ ऑफ-रोड अनुभव भी चाहते हैं.

एटलस जीटी में 585 सीसी का पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है, जो संतुलित शक्ति और स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करता है. यह इंजन न केवल हाईवे राइडिंग के लिए उपयुक्त है, बल्कि हल्के ऑफ-रोड ट्रैक्स पर भी बेहतर नियंत्रण देता है. बाइक में आधुनिक तकनीक का खास ध्यान रखा गया है, जिसमें 8 इंच का बड़ा टचस्क्रीन इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल है, जो राइडिंग जानकारी को डिजिटल रूप में बेहद स्पष्ट तरीके से दिखाता है. इस बाइक में 5 अलग-अलग राइडिंग मोड्स दिए गए हैं, जो अलग-अलग सड़क परिस्थितियों में बेहतर नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं. चाहे शहर की सड़कें हों या पहाड़ी रास्ते, यह मोड्स राइडिंग अनुभव को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाते हैं. सुरक्षा के लिहाज से भी इस बाइक को एडवांस फीचर्स से लैस किया गया है, जिसमें आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सहायता प्रणाली शामिल है, जो राइडर को बेहतर स्थिरता और नियंत्रण प्रदान करती है.

नॉर्टन मोटरसाइकिल्स ने इसके दो वेरिएंट स्टैंडर्ड एटलस और रोड-फोकस्ड एटलस जीटी पेश किए हैं, जिससे ग्राहकों को अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुनने की सुविधा मिलती है. स्टैंडर्ड वेरिएंट को हल्के ऑफ-रोड उपयोग के लिए तैयार किया गया है, जबकि एटलस जीटी को लंबी दूरी और सड़क-केंद्रित राइडिंग के लिए डिजाइन किया गया है.



इस लॉन्च के साथ टीवीएस मोटर कंपनी ने एक बार फिर वैश्विक प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है, और यह साफ संकेत है कि कंपनी आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पकड़ और भी बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है.